अति–आवश्यक
निजी ध्यानार्थ

सख्यां: पीएलजी–एफ0सी0 (एफ) 3–1/2023-24-Meeting-Main
हिमाचल प्रदेश सरकार
"योजना विभाग"

प्रेषकः

प्रधान सचिव(योजना),
हिमाचल प्रदेश सरकार,
शिमला–171002.

प्रेषितः

श्रीमति/ श्री .....

माननीय विधायक .....

.....

दिनांकः शिमला–2, 02 जनवरी, 2025

विषयः– **आगामी वार्षिक बजट (2025–26) में माननीय विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु माननीय मुख्य मंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 03 तथा 04 फरवरी, 2025 को दो दिवसीय बैठकों का आयोजन ।**

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि गत वर्षों की भान्ति प्रदेश के आगामी बजट (2025–26) में माननीय विधायकों की विकास सम्बन्धी स्कीमों की प्राथमिकताओं के निर्धारण करने के सम्बन्ध में माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में माननीय विधायकों के साथ दो दिवसीय बैठकों का आयोजन **दिनांक 03 तथा 04 फरवरी, 2025** को **हिमाचल प्रदेश सचिवालय, आर्मज़डेल भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल, शिमला** में किया जा रहा है । इन बैठकों की जिलावार निर्धारित समय–सारणी **अनुबन्ध–"क"** पर संलग्न है।

2. इन निर्धारित बैठकों में आगामी बजट (2025–26) के लिये निर्वाचन क्षेत्रवार विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु सुझाव आमन्त्रित किये जाते हैं। वर्ष 2025–26 के लिये आपके निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित तीन मुख्य विकास शीर्षों, कमशः सड़कें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनायें तथा ग्रामीण पेयजल / मल निकासी योजनाओं के अन्तर्गत प्रत्येक विकास शीर्ष की एक–एक वास्तविक नई स्कीमें तथा उपरोक्त वर्णित तीनों विकास शीर्षों में से किसी एक में मुरम्मत एवं रख–रखाव से सम्बन्धित व परिवहन विभाग के अन्तर्गत एच.आर.टी.सी. की ईलैक्ट्रिक बस चलाने हेतु चार्जिंग स्टेशन सहित (किन्हीं पांच रूटों पर जहाँ पर पहले से ही एच.आर.टी.सी. की डीजल बसें चल रही हों) **कुल 05 विधायक प्राथमिकताएं** आमन्त्रित की जानी प्रस्तावित हैं।

3. आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावनाओं को प्रेषित करते समय कृपया यह ध्यान रखें कि प्रस्तावित योजनाओं के लिए निजी भूमि के मामले में सरकार अधिग्रहण की लागत नहीं देगी तथा भू–स्वामियों को ऐसी भूमि स्वेच्छा से ही योजना निर्माण के लिये देनी होगी । कृपया प्रस्तावनाएं **निर्धारित प्रपत्र–।** पर प्रेषित करने की अनुकम्पा करें।

4. आपसे अनुरोध है कि **दिनांक 03 तथा 04 फरवरी, 2025** को इन बैठकों में आप अपने जिले से सम्बन्धित निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार **(अनुबन्ध–क)** भाग लेने की अनुकम्पा करें ।

जारी पृष्ठ–2

5. माननीय विधायकों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों से सम्बन्धित स्कीमों को आगामी वित्त वर्ष के बजट में समावेश करने के लिए जैसा कि उपरोक्त पैरा-2 में दर्शाया गया है, सलग्ंन **प्रपत्र I** तथा **II** के अनुसार योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश को शीघ्र डाक अथवा ई-मेल (ppo-plg-hp@nic.in) के माध्यम प्रेषित करने की कृपा करें या बैठक में अपने साथ लाने की अनुकम्पा करें, ताकि आपके प्रस्तावों को बजट में शामिल किया जा सके । यह भी अनुरोध है कि **प्रपत्र-II** के सुझाव बैठक में भी विस्तृत रूप से बताने की कृपा करें ।

भवदीय,

(डॉ0 बसु सूद)
सलाहकार (योजना),
हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.

संलग्नक : यथोपरि ।

पृष्ठांकन संख्या : यथोपरि । दिनांकः शिमला-2, 02 जनवरी, 2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष / उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा, शिमला-4.
2. प्रधान निजी सचिव, माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
3. विशेष निजी सचिव, माननीय उप-मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
4. निजी सचिव, माननीय समस्त मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
5. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष (7वां राज्य वित्तायोग), हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
6. निजी सहायक, माननीय उपाध्यक्ष (पर्यटन), हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
7. वरिष्ठ निजी सचिव, माननीय उपाध्यक्ष (राज्य योजना बोर्ड),हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
8. वरिष्ठ निजी सचिव, मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
9. समस्त प्रशासनिक सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
10. निजी सचिव, प्रधान सचिव (योजना), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
11. वरिष्ठ विशेष निजी सचिव (योजना), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
12. समस्त विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश।
13. सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक, / निगम / बोर्ड, हिमाचल प्रदेश।
14. समस्त उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने जिले की बैठक में संलग्न समय-सारणी के अनुसार भाग लेने की अनुकम्पा करें।
15. सचिव, सचिवालय प्रशासन, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह उपरोक्त बैठकों हेतु **दिनांक 03 तथा 04 फरवरी, 2025 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय के आर्मज़डेल भवन के कॉन्फ्रेन्स हॉल को आरक्षित** करने की कृपा करें।
16. निदेशक, लोक सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि बैठकों की समय-सारणी **(अनुबन्ध-क)** का आकाशवाणी/दूरदर्शन तथा समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित / प्रचार तथा Video and Audio coverage करवाने की अनुकम्पा करें।
17. निजी सहायक, सलाहकार (योजना), हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.

(डॉ0 बसु सूद)
सलाहकार (योजना),
हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.

अनुबन्ध–'क'

माननीय विधायकों के साथ निर्धारित बैठकों की जिलावार समय सारणी

क्र0 सं0	जिले का नाम (निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या)	दिनांक	समय	
1.	1. कांगड़ा (15) 2. किन्नौर (1) 3. कुल्लू (4)	03–02–2025	पूर्वाहन् 10.30 से 1.30 बजे	मध्याहन भोज 1:30 से 2:00 बजे
2.	1. सोलन (5) 2. चम्बा (5) 3. बिलासपुर (4) 4. लाहौल व स्पीति (1)	03–02–2025	अपराहन् 2.00 से 5.00 बजे	
3.	1. शिमला (8) 2. मण्डी (10)	04–02–2025	पूर्वाहन् 10.30 से 1.30 बजे	मध्याहन भोज 1:30 से 2:00 बजे
4.	1. ऊना (5) 2. हमीरपुर (5) 3. सिरमौर (5)	04–02–2025	अपराहन् 2.00 से 5.00 बजे	

***

प्रपत्र–।

वार्षिक बजट 2025–26 के लिये माननीय विधायकों की स्कीमों (RNS) के लिये प्रस्तावनायें (निम्न शीर्षों में केवल पाँच प्राथमिकताएं)।	
माननीय विधायक का नाम :	
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :	
जिले का नाम :	
I. सडकें एवं पुल वास्तविक नई स्कीमें (RNS) :	
II. लघु सिंचाई योजनायें वास्तविक नई स्कीमें (RNS) :	
III. ग्रामीण पेयजल / मल निकासी योजनायें वास्तविक नई स्कीमें (RNS) :	
(उपरोक्त तीनों में से सभी तीनों अथवा दो प्राथमिकताएं किसी एक श्रेणी में भी हो सकती हैं।)	
IV. रख–रखाव से सम्बन्धित योजनाएं (सड़के एवं पुल, लघु सिंचाई तथा ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से कोई एक)	
V. HRTC ईलैक्ट्रिक बस चलाने हेतु (ऐसे कोई पांच रूट जिन पर पहले से HRTC की डीजल बसें चल रही हों) तथा चार्जिंग स्टेशन सहित	

हस्ताक्षर
माननीय विधायक

***

प्रपत्र–II

वर्ष 2025–26 के लिये मित्तव्ययता उपायों, वित्तीय संसाधन जुटाने एवं बेहतर प्रशासन हेतु सुझाव के लिये प्रपत्र ।

माननीय विधायक का नाम : .....

.....

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : .....

क. मितव्ययता के उपायों पर सुझाव

_____

_____

_____

ख. वित्तीय संसाधन जुटाने हेतु सुझाव

_____

_____

_____

ग.

गप. बेहतर प्रशासन हेतु सुझाव

_____

_____

_____

घ. "स्वरोजगार" व "Wage Employment" सृजित करने के लिए सुझाव

_____

_____

_____

ड. किसी भी विकास क्षेत्र में नई नीति के लिए सुझाव

_____

_____

_____

हस्ताक्षर
माननीय विधायक

***